'अप्प दीपो भव'

वॉयस ऑफ बुद्धा

Postal Reg. No.-DL(ND)-11/6144/2016-18
WPP Licence No.- U(C)-101/2017-18
R.N.I. No. 68180/98

Date of Publication : 30.06.2018
Date of Posting on concessional rate :
2-3 & 16-17 of each fortnight

मूल्य : पाँच रूपये

प्रेषक : डॉ0 उदित राज (राम राज) चेयरमैन – जस्टिस पब्लिकेशंस, टी–22, अतुल ग्रोव रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001, फोन : 23354841–42

Website : www.uditraj.com E-mail: parisangh1997@gmail.com

● वर्ष : 21 ● अंक 15 ● पाक्षिक ● द्विभाषी ● कुल पृष्ठ संख्या 8 ● 16 से 30 जून, 2018

परिसंघ का क्षेत्रीय सम्मेलन संपन्न

2 अप्रैल को भारत बंद आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी

सी.एल. मौर्य
नई दिल्ली, 17 जून, 2018.

डॉ. उदित राज जी व अन्य तथागत बुध्द व डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर फूलमाला अर्पित करते हुए

आज मावलंकर हाल, कांस्टीट्यूशन क्लब, नई दिल्ली में अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ का क्षेत्रीय सम्मेलन राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ. उदित राज की उपस्थिति में संपन्न हुआ। सम्मेलन में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, जम्मू–कश्मीर, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रातः 10 बजे से ही लोगों के आने का सिलसिला शुरू हुआ और 12 बजे तक मावलंकर हॉल खचाखच भर गया। सीटिंग कम पड़ गयी तो कुछ लोग खड़े होकर तो कुछ फर्श पर बैठकर सम्मेलन की कार्यवाही में भाग लिए। सम्मेलन में 2 अप्रैल को भारत बंद आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। डॉ. उदित राज ने कहा कि इस आंदोलन में 10 में 8 लोग जो शहीद हुए हैं, वे पुलिस द्वारा नहीं बल्कि सवर्णों के द्वारा मारे गए हैं। आज तक कोई ऐसा आंदोलन नहीं हुआ, जहां इस प्रकार की घटना हुई हो। जब जाट एवं पटेल आंदोलन करते थे तो क्या दलित उनको लाठी लेकर मारता था। यहां यह बात सामने आई कि इन दलितों की आंदोलन करने की औकात कैसे हो गयी? जिन दस लोगों को इस आंदोलन में मारा गया है उन्हें न्याय दिलाने के लिए परिसंघ प्रयासरत् हैं।

लगभग 20 साल पहले परिसंघ अस्तित्व में आया। तब से लेकर अभी तक यह एक गैरराजनैतिक संगठन रहा है और हमेशा रहेगा। इस संगठन की मुख्य ताकत कर्मचारी–अधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्त्ता हैं। परिसंघ की स्थापना डॉ उदित राज के नेतृत्व में सन 1997 में पांच आरक्षण विरोधी आदेशों को निरस्त कराने के लिए हुई थी। इनके लगातार संघर्ष के कारण 81वाँ, 82वाँ एवं 85वाँ संवैधानिक संशोधन हुआ। उसके बाद से देश के दलितों की अपेक्षाएं इस संगठन में बनी रहीं। 2006 में सुप्रीम कोर्ट ने नागराज के मामले में पैरवी करके 85वें संवैधानिक संशोधन को बचाया जिसका सम्बन्ध पदोन्नति में आरक्षण से था। 4 नवम्बर 2001 को डॉ. उदित राज ने जातिविहीन समाज की स्थापना के लिए लाखों लोगों को बौध्द धर्म की दीक्षा दिलाई।

सम्मेलन के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को सूचित किया गया कि कर्नाटक सरकार के द्वारा पदोन्नति में आरक्षण के सम्बन्ध में केंद्र को भेजे गए अध्यादेश की संस्तुति भारत के महामहिम राष्ट्रपति के द्वारा हस्ताक्षर होने के बाद पूर्ण हो गयी। इसके लिए महामहिम राष्ट्रपति को धन्यवाद। डॉ.

शेष पृष्ठ 4 पर

भारत सरकार में सचिव के लगभग 94 पदों पर केवल 1 एससी एवं संयुक्तसचिव के 341 पदों में केवल 17 एससी

7 जून, 2018, अनुसूचित जाति/जनजाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उदित राज ने कहा कि ''सुप्रीम कोर्ट ने पदोन्नति में आरक्षण लागू करने का रास्ता स्पष्ट कर दिया है। समस्त दलित आदिवासी इसके लिए माननीय न्यायाधीशों के द्वारा दिए गये न्याय के लिए धन्यवाद करते हैं। यह बड़े दुःख की बात है कि समय–समय पर तमाम तरह के हमले दलित आदिवासी के ऊपर होते रहते हैं। यह सर्वविदित है कि आये दिन दलितों के ऊपर अत्याचार होते ही रहते हैं। 20 मार्च को सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 को बेहद कमजोर कर दिया गया है, इसके पहले विश्वविद्यालय में शिक्षकों की भर्ती में रोस्टर प्वाइंट बदल दिया, जिससे विद्यालय इकाई न होकर के विभाग को इकाई मान कर आरक्षण दिया जाएगा। इससे दलित आदिवासी एवं पिछड़े वर्ग की भर्ती न के बराबर हो जाएगी। 2006 में सुप्रीम कोर्ट ने नागराज के मामले में पदोन्नति में आरक्षण का रास्ता प्रशस्त किया फिर भी तमाम हाई कोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट की छोटी पीठ ने अड़चने खड़ी कर दी। इन सारी समस्याओं को लेकर डॉ. उदित राज ने प्रधानमंत्री जी को पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि संसद में ऐसा कानून बनाया जाए जिससे ये सब अड़चने समाप्त की जा सकें।

डॉ. उदित राज ने अफसोस व्यक्त करते हुए कहा कि अभी तक आरक्षण लागू करने के लिए कोई कानून नहीं बन सका है। यूपीए सरकार ने राज्यसभा में विधेयक पेश किया लेकिन कुछ त्रुटियों के कारण वापिस कर लिया था कि इसको दुरुस्त करके पास कराया जायेगा। दुर्भाग्य से वह दिन कभी नहीं आया। पशु–पक्षियों की रक्षा आदि छोटे–छोटे मामलों पर कानून बने हुए हैं लेकिन आरक्षण लागू करने के लिए संसद में कोई कानून नहीं बन सका है। समय–समय पर सरकारी आदेशों से आरक्षण लागू किया जाता रहता है और इसकी वजह से तमाम सारी विसंगतियां पैदा हो रही हैं और लागू करने में मुश्किलें आती रहती हैं। समय–समय पर मंत्रालय में जूनियर स्तर के अधिकारी आदेश जारी करते रहते हैं इन अड़चनों को दूर करने के लिए सरकार से आग्रह कर रहे हैं कि इस पर एक कानून बनाया जाना चाहिए।

डॉ. उदित राज ने कहा कि अनुसूचित जाति/जनजाति के संघर्ष की वजह से वाजपेई जी की सरकार ने 3 संवैधानिक संशोधन 81वां, 82वां, 85वां किये थे। दुर्भाग्य से 85वां संवैधानिक संशोधन को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे दी गयी जिस पर 5 जजों की पीठ ने नागराज के नाम के केस में फैसला दिया और फैसले में 3 शर्ते लगायीं जो कि बिलकुल उचित नहीं हैं

1. फैसले में कहा गया कि दलित–आदिवासी को पदोन्नति में आरक्षण देने के लिए उनके पिछड़ेपन की जांच की जानी चाहिए। संविधान की धारा 341 और 342 में जनजातियों को रखा गया है क्योंकि यह पिछड़े हैं, इन धाराओं में उन्ही जातियों को रखा जाता है जो पिछड़ी हैं, सरकारी नौकरी लेते समय भी यही आधार होता है तो पदोन्नति में आरक्षण पर आधार कैसे बदल सकता है? सीधे भर्ती हो या पदोन्नति में भर्ती हो आधार तो एक ही रहेगा। यह वैसा ही सच है जैसे दिन को दिन कहना है कि ये जातियां हर जगह से

शेष पृष्ठ 6 पर

केंद्र सरकार में सचिव/ अतिरिक्त सचिव एवं संयुक्त सचिव स्तर पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति का प्रतिनिधित्व

	कुल	सामान्य	अजा	जजा
सचिव	94	90	1	3
अतिरिक्त सचिव	107	101	3	3
संयुक्त सचिव	341	315	17	9

मंदिर में नारियल क्यों फोड़ा जाता है?

मगध की राजधानी पाटलिपुत्र में चक्रवर्ती सम्राट अशोक के वंशज मौर्य वंश के बौद्ध सम्राट राजा बृहद्रथ मौर्य की हत्या उसी के सेनापति ब्राह्मण पुष्यमित्र शुंग ने धोखे से की थी और खुद को मगध का राजा घोषित कर लिया था। उसने राजा बनने पर पाटलिपुत्र से श्यालकोट तक सभी बौद्ध विहारों को ध्वस्त करवा दिया था।

नारियल

तथा अनेक बौद्ध भिक्षुओ का कत्लेआम किया था। पुष्यमित्र शुंग, बौद्धों पर बहुत अत्याचार करता था और ताकत के बल पर उनसे ब्राह्मणों द्वारा रचित मनुस्मृति अनुसार वर्ण (हिन्दू) धर्म कबूल करवाता था। इसके बाद ब्राह्मण ''पुष्यमित्र शुंग ने अपने समर्थको के साथ मिलकर पाटलिपुत्र और श्यालकोट के मध्य क्षेत्र पर अधिकार किया और अपनी राजधानी साकेत को बनाया। पुष्यमित्र शुंग ने इसका नाम बदलकर अयोध्या कर दिया। अयोध्या अर्थात-बिना युद्ध के बनायीं गयी राजधानी'

''राजधानी बनाने के बाद पुष्यमित्र शुंग ने घोषणा की कि जो भी व्यक्ति, भगवाधारी बौद्ध भिक्षु का सर(सिर) काट कर लायेगा, उसे 100 सोने की मुद्राएँ इनाम में दी जायेंगी।'' इस तरह सोने के सिक्कों के लालच में पूरे देश में बौद्ध भिक्षुओ का कत्लेआम हुआ। राजधानी में बौद्ध भिक्षुओ के सर आने लगे।

इसके बाद कुछ चालक व्यक्ति अपने लाये सर को चुरा लेते थे और उसी सर को दुबारा राजा को दिखाकर स्वर्ण मुद्राए ले लेते थे। राजा को पता चला कि लोग ऐसा धोखा भी कर रहे है तो राजा ने एक बड़ा पत्थर रखवाया और राजा, बौद्ध भिक्षु का सर देखकर उस पत्थर पर मरवाकर उसका चेहरा बिगाड़ देता था'। इसके बाद बौद्ध भिक्षु के सर को घाघरा नदी में फेंकवा देता था'। राजधानी अयोध्या में बौद्ध भिक्षुओ के इतने सर आ गये कि कटे हुये सरों से युक्त नदी का नाम सरयुक्त अर्थात ''सरयू'' हो गया। इसी ''सरयू'' नदी के तट पर पुष्यमित्र शुंग के राजकवि वाल्मीकि ने ''रामायण'' लिखी थी। जिसमें राम के रूप में पुष्यमित्र शुंग और रावण के रूप में मौर्य सम्राट का वर्णन करते हुए उसकी राजधानी अयोध्या का गुणगान किया था और राजा से बहुत अधिक पुरुष्कार पाया था।

इतना ही नहीं, रामायण, महाभारत, स्मृतियां आदि बहुत से काल्पनिक ब्राह्मण धर्मग्रन्थों की रचना भी पुष्यमित्र शुंग की इसी अयोध्या में ''सरयू'' नदी के किनारे हुई। बौद्ध भिक्षुओं के कत्लेआम के कारण सारे बौद्ध विहार खाली हो गए। तब आर्य ब्राह्मणों ने सोचा कि इन बौद्ध विहारों का क्या करे की आने वाली पीढ़ियों को कभी पता ही नही लगे कि बीते वर्षो में यह क्या थे?' तब उन्होंने इन सब बौद्ध विहारों को मन्दिरों में बदल दिया और इसमे अपने पूर्वजों व काल्पनिक पात्रों को भगवान बनाकर स्थापित कर दिया और पूजा के नाम पर यह दुकानें खोल दी। ध्यान रहे उक्त ब्रह्दथ मौर्य की हत्या से पूर्व भारत में मन्दिर शब्द ही नहीं था ना ही इस तरह की संस्क्रति थी। वर्तमान में ब्राह्मण धर्म में पत्थर पर मारकर नारियल फोड़ने की परंपरा है ये परम्परा पुष्यमित्र शुंग के बौद्ध भिक्षु के सर को पत्थर पर मारने का प्रतीक है।

पेरियार रामास्वामी नायकर ने भी "सच्ची रामायण'' पुस्तक लिखी जिसका इलाहबाद हाई कोर्ट केस नम्बर 412/1970 में वर्ष 1970-1971 व सुप्रीम कोर्ट 1971 -1976 के बीच में केस अपील नम्बर 291/1971 चला।

''जिसमें सुप्रीमकोर्ट के जस्टिस पी एन भगवती जस्टिस वी आर कृष्णा अय्यर, जस्टिस मुतजा फाजिल अली ने दिनाक 16/9/1976 को निर्णय दिया ! की सच्ची रामायण पुस्तक सही है और इसके सारे तथ्य वेध है'। ''सच्ची रामायण पुस्तक यह सिद्ध करती है! कि ''रामायण नामक देश में जितने भी ग्रन्थ है वे सभी काल्पनिक है और इनका पुरातातविक कोई आधार नही है'। अथार्त् फर्जी है।

जागरूकता अभियान

***

बचपन में ही पड़ते हैं घृणा के बीज

हमें जो बनना होता है, उसका ज्यादातर हिस्सा बहुत कम उम्र में बन चुका होता है, जबकि हमें पता भी नहीं होता है कि हम कुछ बन रहे हैं।

दिलीप मंडल

चलने-बोलने के साथ ही हम जातिवाद और सांप्रदायिकता भी सीख जाते हैं। कर्नाटक में एक आदमी से कहा जाता है कि धर्म की रक्षा के लिए उसे किसी को मारना है। वह आदमी बताई गई औरत को मार आता है, बगैर यह जाने कि उस औरत की वजह से उसका धर्म खतरे में कैसे आ गया। किसी गांव के मंदिर से घोषणा होती है कि गांव के एक आदमी के फ्रिज में एक पवित्र पशु का मांस है। गांव के सैकड़ों लोग, जो बरसों से उस आदमी के पड़ोसी थे, उसके घर पर हमला करके उसे मार देते हैं और यह जानने की कोशिश भी नहीं करते कि वह मांस किस जानवर का है।

एक आदमी अपनी संतान की हत्या कर देता है क्योंकि उसे लगता है, यह एक मजहबी कर्तव्य है। उसे अपने किए पर कोई अफसोस नहीं है। उत्तराखंड में एक सरकारी स्कूल में छह से दस साल की उम्र के बच्चे मिड डे मील का खाना नहीं खाते क्योंकि खाना एक दलित महिला बनाती है। एक के बाद एक, कई राज्यों में कुछ लोग एक दलित दूल्हे को घोड़ी पर नहीं चढ़ने देते। उन्हें लगता है, घोड़ी पर चढ़ने का हक कुछ खास जातियों के लोगों को ही है। हर दिन घटने वाली ऐसी और भी घटनाओं को जो लोग अंजाम दे रहे हैं, वे असामान्य हरकत करते नजर आ सकते हैं, लेकिन उनका बाकी जीवन सामान्य है। वे पागल नहीं हैं। वे नौकरीपेशा, बिजनेसमैन या किसान हो सकते हैं। वे किसी खास मौके पर हत्या कर सकते हैं, अन्यथा वे अपनी पत्नी और बच्चे को प्यार करने वाले सामान्य लोग हैं। ऐसे सामान्य लोगों की असामान्य नजर आने वाली हरकतों को कैसे समझा जाए। एक आदमी यह क्यों सोचता है कि उसका धर्म खतरे में है और धर्म को बचाने के लिए हत्या करना न सिर्फ उचित है, बल्कि पुण्य का काम हैं भीड़ यह क्यों सोचती है कि कोई पशु पवित्र है लेकिन उसे एक खास धर्म के लोग मार सकते हैं और ऐसा करने वाले को मार डालना उचित होगा? अपने संतान की हत्या करके किसी पारलौकिक शक्ति को खुश करने की ट्रेनिंग एक बाप को कहां से मिलती है? एक बच्चा यह कहां से सीखता है कि समाज में कोई दलित भी होता है, जिसका छुआ हुआ नहीं खाना चाहिए? जातिवाद की ट्रेनिंग सिर्फ छह साल की उम्र में उसे कौन देता है? घोड़ी पर चढ़ने को जाति से जोड़कर देखना हमें कौन सिखाता है।

इनमें से ज्यादातर धारणाएं हम बचपन में सीख चुके होते हैं। दरअसल हमें जो बनना होता है, उसका ज्यादातर हिस्सा बहुत कम उम्र में बन चुका होता है, जबकि हमें पता भी नहीं होता है कि हम कुछ बन रहे हैं। विचारों और विचारधाराओं का एक बड़ा हिस्सा जीवन में तभी आ चुका होता है, जब हम चलना और बोलना सीख रहे होते हैं। दिमाग में जम चुकी ये चीजें आम तौर पर जीवन भर हमारे साथ चलती हैं और बहुत कम मामलों में ही उनसे मुक्ति मिलती है। हमें लगता ही नहीं है कि उन बातों में कुछ भी असामान्य या गलत है। समाजशास्त्री इसे प्राथमिक समाजीकरण या प्राइमरी सोशलाइजेशन कहते हैं। समाजीकरण वह चीज है जिसके जरिए हम समाज के सदस्य के तौर पर जीना सीखते हैं और हमें पता भी नहीं होता कि हम कोई सिखाया हुआ काम कर रहे हैं। यह एक ऑटोमैटिक यानी स्वाभाविक प्रक्रिया है। जैसे हमें अगर बचपन में सिखाया गया कि किसी बुजुर्ग के सामने आने पर उसे प्रणाम करना है, तो हम बड़े होकर बुजुर्गों को प्रणाम करने लगते हैं। अगर हमें सिखाया गया है कि मुंह खोलकर नहीं खाना चाहिए तो हम मुंह खोलकर नहीं खाएंगे। अगर हमें ट्रेनिंग मिली है कि जूते पहनकर बिस्तर पर नहीं चढ़ना चाहिए तो हम जूते पहनकर बिस्तर पर नहीं चढ़ेंगे। समाज में रहने के नियम, मान्यताएं और शिष्टाचार हम ऐसे ही सीखते हैं। जो बात आदतों या व्यवहार के बारे में सच है, वही विचारधारा या राजनीतिक चिंतन पर भी लागू होता है। इनकी ट्रेनिंग भी ऐसे ही मिलती।

मिसाल के तौर पर, दादी-नानी की कहानियों में और स्कूल में गाय पर निबंध लिखते समय अगर हमें सिखाया गया है कि गाय एक पवित्र पशु है और अगर हमें मोहल्ले के अंकल ने या परिवार के लोगों ने बचपन में सिखाया है कि एक खास धर्म के लोग गाय मारते हैं तो ऐसी बचपन की ट्रेनिंग पाए लोगों के लिए दादरी के गांव में एक आदमी के फ्रिज में खास तरह का मांस होने की बात सुनकर उसे मारने दौड़ पड़ना स्वाभाविक है। अगर कर्नाटक में हिंदुओं के एक तबके के बच्चों को बचपन से सिखाया गया है कि उनका धर्म महान है और इस पर लगातार बाहर और अंदर से हमले हो रहे हैं और अपने धर्म की रक्षा के लिए किसी को मारना पड़े या मर जाना पड़े तो यह पुण्य का काम है, तो ऐसा बच्चा बड़ा होकर एक लिंगायत महिला की हत्या आसानी से कर देगा। क्योंकि उसे बताया गया है कि लिंगायत लोग अलग धर्म की मांग करके हिंदू धर्म को कमजोर करना चाहते हैं।

अगर किसी को बचपन से सिखाया गया है कि अल्लाह को कुर्बानी पसंद है, कुर्बानी सबसे प्रिय चीज की होनी चाहिए, और सबसे प्रिय चीज अपनी संतान है, तो वह आदमी अपनी संतान को कुर्बान कर सकता है। क्योंकि उसे मालूम ही नहीं कि वह कोई गलत काम कर रहा है या कुर्बानी का कोई और मतलब भी हो सकता है। क्या हम अपने प्राइमरी सोशलाइजेशन यानी बचपन की ट्रेनिंग को लोकतांत्रिक और मानवीय बना सकते हैं? ऐसा किए बगैर बेहतर इंसान और बेहतर नागरिक बन पाना और बना पाना संभव नहीं है।

– दैनिक नवभारत से सभार

पाठकों से अपील

'वॉयस ऑफ बुद्धा' के सभी पाठकों से निवेदन है कि जिन्होंने अभी तक वार्षिक शुल्क/शुल्क जमा नहीं किया है, वे शीघ्र ही बैंक ड्रॉफ्ट द्वारा 'जस्टिस पब्लिकेशंस' के नाम से टी-22, अतुल ग्रोव रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001 को भेजें। शुल्क 'जस्टिस पब्लिकेशंस' के खाता संख्या **0636000102165381** जो पंजाब नेशनल बैंक की जनपथ ब्रांच में है, सीधे जमा किया जा सकता है। जमा कराने के तुरंत बाद इसकी सूचना ईमेल, दूरभाष या पत्र द्वारा दें। कृपया 'वॉयस ऑफ बुद्धा' के नाम ड्राफ्ट या पैसा न भेजें और मनीआर्डर द्वारा भी शुल्क न भेजें। जिन लोगों के पास 'वॉयस ऑफ बुद्धा' नहीं पहुंच रहा है, वे सदस्यता संख्या सहित लिखें और संबंधित डाकघर से भी सम्पर्क करें। आर्थिक स्थिति दयनीय है, अतः इस आंदोलन को सहयोग देने के लिए खुलकर दान या चंदा दें।

सहयोग राशि:

पांच वर्ष : 600 रुपए

एक वर्ष : 150 रुपए

कबीर जयंती (28 जून, 2018) पर विशेष

कबीरदास : जीवन परिचय

प्रमोद कुमार

कबीर सन्त कवि और समाज सुधारक थे। ये सिकन्दर लोदी के समकालीन थे। कबीर का अर्थ अरबी भाषा में महान होता है। कबीरदास भारत के भक्ति काव्य परंपरा के महानतम कवियों में से एक थे। भारत में धर्म, भाषा या संस्कृति किसी की भी चर्चा बिना कबीर की चर्चा के अधूरी ही रहेगी। कबीरपंथी, एक धार्मिक समुदाय जो कबीर के सिद्धांतों और शिक्षाओं को अपने जीवन शैली का आधार मानते हैं।

जीवन

काशी के इस अक्खड़, निडर एवं संत कवि का जन्म लहरतारा के पास सन् 1398 में ज्येष्ठ पूर्णिमा को हुआ। जुलाहा परिवार में पालन पोषण हुआ, संत रामानंद के शिष्य बने और अलख जगाने लगे। कबीर सधुक्कड़ी भाषा में किसी भी सम्प्रदाय और रूढ़ियों की परवाह किये बिना खरी बात कहते थे। कबीर ने हिंदू-मुसलमान सभी समाज में व्याप्त रूढ़िवाद तथा कट्टरपंथ का खुलकर विरोध किया।

कबीर की वाणी उनके मुखर उपदेश उनकी साखी, रमैनी, बीजक, बावन-अक्षरी, उलटबासी में देखें जा सकते हैं। गुरु ग्रंथ साहब में उनके 200 पद और 250 साखियां हैं। काशी में प्रचलित मान्यता है कि जो यहां मरता है उसे मोक्ष प्राप्त होता है। रूढ़ि के विरोधी कबीर को यह कैसे मान्य होता। काशी छोड़ मगहर चले गये और सन् 1518 के आस पास वहीं देह त्याग किया। मगहर में कबीर की समाधि है जिसे हिन्दू मुसलमान दोनों पूजते हैं।

मतभेद भरा जीवन

हिंदी साहित्य में कबीर का व्यक्तित्व अनुपम है। कबीर की उत्पत्ति के संबंध में अनेक किंवदन्तियाँ हैं। कुछ लोगों के अनुसार वे जगद्गुरु रामानन्द स्वामी के आशीर्वाद से काशी की एक विधवा ब्राह्मणी के गर्भ से उत्पन्न हुए थे। ब्राह्मणी उस नवजात शिशु को लहरतारा ताल के पास फेंक आयी। उसे नीरु नाम का जुलाहा अपने घर ले आया। उसी ने उसका पालन-पोषण किया। बाद में यही बालक कबीर कहलाया। कतिपय कबीर पन्थियों की मान्यता है कि कबीर की उत्पत्ति काशी में लहरतारा तालाब में उत्पन्न कमल के मनोहर पुष्प के ऊपर बालक के रूप में हुई। एक प्राचीन ग्रंथ के अनुसार किसी योगी के औरस तथा प्रतीति नामक देवाङ्गना के गर्भ से भक्तराज प्रहलाद ही संवत् 1455 ज्येष्ठ शुक्ल 15 को कबीर के रूप में प्रकट हुए थे।

कुछ लोगों का कहना है कि वे जन्म से मुसलमान थे और युवावस्था में स्वामी रामानन्द के प्रभाव से उन्हें हिंदू धर्म की बातें मालूम हुईं। एक दिन, एक पहर रात रहते ही कबीर पञ्चगंगा घाट की सीढ़ियों पर गिर पड़े। रामानन्द जी गंगास्नान करने के लिये सीढ़ियाँ उतर रहे थे कि तभी उनका पैर कबीर के शरीर पर पड़ गया। उनके मुख से तत्काल 'राम-राम' शब्द निकल पड़ा। उसी राम को कबीर ने दीक्षा-मन्त्र मान लिया और रामानन्द जी को अपना गुरु स्वीकार कर लिया।

कबीर के ही शब्दों में- 'हम कासी में प्रकट भये हैं, रामानन्द चेताये'।

अन्य जनश्रुतियों से ज्ञात होता है कि कबीर ने हिंदू-मुसलमान का भेद मिटा कर हिंदू-भक्तों तथा मुसलमान फकीरों का सत्संग किया और दोनों की अच्छी बातों को हृदयंगम कर लिया। जनश्रुति के अनुसार उन्हें एक पुत्र कमाल तथा पुत्री कमाली थी। इतने लोगों की परवरिश करने के लिये उन्हें अपने करघे पर काफी काम करना पड़ता था। 119 वर्ष की अवस्था में उन्होंने मगहर में देह त्याग किया।

धर्म के प्रति

साधु संतों का तो घर में जमावड़ा रहता ही था। कबीर पढ़े-लिखे नहीं थे- 'मसि कागद छूवो नहीं, कलम गही नहिं हाथ।' उन्होंने स्वयं ग्रंथ नहीं लिखे, मुँह से भाखे और उनके शिष्यों ने उसे लिख लिया। आप के समस्त विचारों में रामनाम की महिमा प्रतिध्वनित होती है। वे एक ही ईश्वर को मानते थे और कर्मकाण्ड के घोर विरोधी थे। अवतार, मूर्त्ति, रोज़ा, ईद, मसजिद, मंदिर आदि को वे नहीं मानते थे।

कबीर के नाम से मिले ग्रंथों की संख्या भिन्न-भिन्न लेखों के अनुसार भिन्न-भिन्न है। एच.एच. विल्सन के अनुसार कबीर के नाम पर आठ ग्रंथ हैं। विशप जी.एच. वेस्टकॉट ने कबीर के 84 ग्रंथों की सूची प्रस्तुत की तो रामदास गौड़ ने 'हिंदुत्व' में 71 पुस्तकें गिनायी हैं।

वाणी संग्रह

कबीर की वाणी का संग्रह 'बीजक' के नाम से प्रसिद्ध है। इसके तीन भाग हैं- रमैनी, सबद और साखी यह पंजाबी, राजस्थानी, खड़ी बोली, अवधी, पूरबी, ब्रजभाषा आदि कई भाषाओं की खिचड़ी है। कबीर परमात्मा को मित्र, माता, पिता और पति के रूप में देखते हैं। यही तो मनुष्य के सर्वाधिक निकट रहते हैं।

वे कभी कहते हैं-

'हरिमोर पिउ, मैं राम की बहुरिया' तो कभी कहते हैं, 'हरि जननी मैं बालक तोरा'।

और कभी 'बड़ा हुआ तो क्या हुआ जैसै'

उस समय हिंदू जनता पर मुस्लिम आतंक का कहर छाया हुआ था। कबीर ने अपने पंथ को इस ढंग से



सुनियोजित किया जिससे मुस्लिम मत की ओर झुकी हुई जनता सहज ही इनकी अनुयायी हो गयी। उन्होंने अपनी भाषा सरल और सुबोध रखी ताकि वह आम आदमी तक पहुँच सके। इससे दोनों सम्प्रदायों के परस्पर मिलन में सुविधा हुई। इनके पंथ मुसलमान-संस्कृति और गोभक्षण के विरोधी थे। कबीर को शांतिमय जीवन प्रिय था और वे अहिंसा, सत्य, सदाचार आदि गुणों के प्रशंसक थे। अपनी सरलता, साधु स्वभाव तथा संत प्रवृत्ति के कारण आज विदेशों में भी उनका समादर हो रहा है।

वृद्धावस्था में यश और कीर्त्ति की मार ने उन्हें बहुत कष्ट दिया। उसी हालत में उन्होंने बनारस छोड़ा और आत्मनिरीक्षण तथा आत्मपरीक्षण करने के लिये देश के विभिन्न भागों की यात्राएँ कीं इसी क्रम में वे कालिंजर जिले के पिथौराबाद शहर में पहुँचे। वहाँ रामकृष्ण का छोटा सा मन्दिर था। वहाँ के संत भगवान गोस्वामी के जिज्ञासु साधक थे किंतु उनके तर्कों का अभी तक पूरी तरह समाधान नहीं हुआ था। संत कबीर से उनका विचार-विनिमय हुआ। कबीर की एक साखी ने उन के मन पर गहरा असर किया-

'बन ते भागा बिहरे पड़ा, करहा अपनी बान। करहा बेदन कासों कहे, को करहा को जान।।'

वन से भाग कर बहेलिये के द्वारा खोये हुए गड्ढे में गिरा हुआ हाथी अपनी व्यथा किस से कहे ? सारांश यह कि धर्म की जिज्ञासा सें प्रेरित हो कर भगवान गोसाई अपना घर छोड़ कर बाहर तो निकल आये और हरिव्यासी सम्प्रदाय के गड्ढे में गिर कर अकेले निर्वासित हो कर असंवाद्य स्थिति में पड़ चुके हैं।

मूर्त्ति पूजा को लक्ष्य करते हुए उन्होंने एक साखी हाजिर कर दी-

पाहन पूजे हरि मिलैं, तो मैं पूजौं पहार। वा ते तो चाकी भली, पीसी खाय संसार।।

कबीर के राम

कबीर के राम तो अगम हैं और संसार के कण-कण में विराजते हैं। कबीर के राम इस्लाम के एकेश्वरवादी, एकसत्तावादी खुदा भी नहीं हैं। इस्लाम में खुदा या अल्लाह को समस्त जगत एवं जीवों से भिन्न एवं परम समर्थ माना जाता है। पर कबीर के राम परम समर्थ भले हों, लेकिन समस्त जीवों और जगत से भिन्न तो कदापि नहीं हैं। बल्कि इसके विपरीत वे तो सबमें व्याप्त रहने वाले रमता राम हैं। वह कहते हैं

व्यापक ब्रह्म सबनिमैं एकै, को पंडित को जोगी। रावण-राव कवनसूं कवन वेद को रोगी।

कबीर राम की किसी खास रूपाकृति की कल्पना नहीं करते, क्योंकि रूपाकृति की कल्पना करते ही राम किसी खास ढाँचे (फ्रेम) में बँध जाते, जो कबीर को किसी भी हालत में मंजूर नहीं। कबीर राम की अवधारणा को एक भिन्न और व्यापक स्वरूप देना चाहते थे। इसके कुछ विशेष कारण थे, जिनकी चर्चा हम इस लेख में आगे करेंगे। किन्तु इसके बावजूद कबीर राम के साथ एक व्यक्तिगत पारिवारिक किस्म का संबंध जरूर स्थापित करते हैं। राम के साथ उनका प्रेम उनकी अलौकिक और महिमाशाली सत्ता को एक क्षण भी भुलाए बगैर सहज प्रेमपरक मानवीय संबंधों के धरातल पर प्रतिष्ठित है।

कबीर नाम में विश्वास रखते हैं, रूप में नहीं। हालाँकि भक्ति-संवेदना के सिद्धांतों में यह बात सामान्य रूप से प्रतिष्ठित है कि 'नाम रूप से बढ़कर है', लेकिन कबीर ने इस सामान्य सिद्धांत का क्रांतिधर्मी उपयोग किया। कबीर ने राम-नाम के साथ लोकमानस में शताब्दियों से रचे-बसे संश्लिष्ट भावों को उदात्त एवं व्यापक स्वरूप देकर उसे पुराण-प्रतिपादित ब्राह्मणवादी विचारधारा के खाँचे में बाँधे जाने से रोकने की कोशिश की।

कबीर के राम निर्गुण-सगुण के भेद से परे हैं। दरअसल उन्होंने अपने राम को शास्त्र-प्रतिपादित अवतारी, सगुण, वर्चस्वशील वर्णाश्रम व्यवस्था के संरक्षक राम से अलग करने के लिए ही 'निर्गुण राम' शब्द का प्रयोग किया। 'निर्गुण राम जपहु रे भाई।' इस 'निर्गुण' शब्द को लेकर भ्रम में पड़ने की जरूरत नहीं। कबीर का आशय इस शब्द से सिर्फ इतना है कि ईश्वर को किसी नाम, रूप, गुण, काल आदि की सीमाओं में बाँधा नहीं जा सकता। जो सारी सीमाओं से परे हैं और फिर भी सर्वत्र हैं, वही कबीर के निर्गुण राम हैं। इसे उन्होंने 'रमता राम' नाम दिया है। अपने राम को निर्गुण विशेषण देने के बावजूद कबीर उनके साथ मानवीय प्रेम संबंधों की तरह के रिश्ते की बात करते हैं। कभी वह राम को माधुर्य भाव से अपना प्रेमी या पति मान लेते हैं तो कभी दास्य भाव से स्वामी। कभी-कभी वह राम को वात्सल्य मूर्ति के रूप में माँ मान लेते हैं और खुद को उनका पुत्र। निर्गुण-निराकार ब्रह्म के साथ भी इस तरह का सरस, सहज, मानवीय प्रेम कबीर की भक्ति की विलक्षणता है। यह दुविधा और समस्या दूसरों को भले हो सकती है कि जिस राम के साथ कबीर इतने अनन्य, मानवीय संबंधपरक प्रेम करते हों, वह भला निर्गुण कैसे हो सकते हैं, पर खुद कबीर के लिए यह समस्या नहीं है।

वह कहते भी हैं

''संतौ, धोखा कासूं कहिये। गुनमैं निरगुन, निरगुनमैं गुन, बाट छांड़ि क्यूं बहिसे!'' नहीं है।

प्रोफ़ेसर महावीर सरन जैन ने कबीर के राम एवं कबीर की साधना के संबंध में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा है : 'कबीर का सारा जीवन सत्य की खोज तथा असत्य के खंडन में व्यतीत हुआ। कबीर की साधना ''मानने से नहीं, ''जानने से आरम्भ होती है। वे किसी के शिष्य नहीं, रामानन्द द्वारा चेताये हुए चेला हैं। उनके लिए राम रूप नहीं है, दशरथी राम नहीं है, उनके राम तो नाम साधना के प्रतीक हैं। उनके राम किसी सम्प्रदाय, जाति या देश की सीमाओं में कैद नहीं है। प्रकृति के कण-कण में, अंग-अंग में रमण करने पर भी जिसे अनंग स्पर्श नहीं कर सकता, वे अलख, अविनाशी, परम तत्व ही राम हैं। उनके राम मनुष्य और मनुष्य के बीच किसी भेद-भाव के कारक नहीं हैं। वे तो प्रेम तत्व के प्रतीक हैं। भाव से ऊपर उठकर महाभाव या प्रेम के आराध्य हैं :-

'प्रेम जगावै विरह को, विरह जगावै पीउ, पीउ जगावै जीव को, जोइ पीउ सोई जीउ' - जो पीउ है, वही जीव है। इसी कारण उनकी पूरी साधना ''हंस उबारन आए की साधना है। इस हंस का उबारना पोथियों के पढ़ने से नहीं हो सकता, ढाई आखर प्रेम के आचरण से ही हो सकता है। धर्म ओढ़ने की चीज नहीं है, जीवन में आचरण करने की सतत सत्य साधना है। उनकी साधना प्रेम से आरम्भ होती है। इतना गहरा प्रेम करो कि वही तुम्हारे लिए परमात्मा हो जाए। उसको पाने की इतनी उत्कण्ठा हो जाए कि सबसे वैराग्य हो जाए, विरह भाव हो जाए तभी उस ध्यान समाधि में पीउ जाग्रत हो सकता है। वही पीउ तुम्हारे अन्तमन में बैठे जीव को जगा सकता है। जोई पीउ है सोई जीउ है। तब तुम पूरे संसार से प्रेम करोगे, तब संसार का प्रत्येक जीव तुम्हारे प्रेम का पात्र बन जाएगा। सारा अहंकार, सारा द्वेष दूर हो जाएगा। फिर महाभाव जगेगा। इसी महाभाव से पूरा संसार पिउ का घर हो जाता है।

सूरज चन्द्र का एक ही उजियारा,
सब यहि पसरा ब्रह्म पसारा।

https://hindi.speakingtree.in/blog/content-471431

***

परिसंघ का क्षेत्रीय ....

पृष्ठ का 1 शेष

उदित राज जी के आग्रह पर कानून मंत्रालय एवं गृह मंत्रालय ने त्वरित कार्यवाही की जिसके लिए गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह एवं कानून मंत्री श्री रविशंकर प्रसाद को विशेष रूप से धन्यवाद।

मंच पर डॉ. उदित राज जी के साथ ओम प्रकाश सिंहमार, आर. के. कलसोत्रा, तरसेम सिंह घारु, बी.एस.दीपक

सम्मेलन निम्नलिखित मुद्दों पर आयोजित किया गया था :-

1. 20 मार्च को सुप्रीम कोर्ट का फैसला जो अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण को कमजोर करने से संबंधित था, पर चर्चा की गयी।
2. 5 मार्च को यू.जी.सी. का आदेश वापिस हो गया इसकी वजह से विश्वविद्यालयों को इकाई न मानकर विभाग को इकाई मानने की वजह से शिक्षकों की नियुक्ति प्रभावित हुई। लगभग 4 हजार शिक्षक विभिन्न कोलेजों में एडहॉक पर कार्यरत् हैं। अगर 5 मार्च का यूजीसी का प्रपत्र लागू किया जाता है तो लगभग सारे शिक्षक सड़क पर आ जाएंगें।
3. 10 संयुक्त सचिवों की नियुक्ति सरकार करने जा रही है उसमें दलित आदिवासी एवं पिछड़ों का कोटा लागू किया जाए।
4. 2 अप्रैल को भारत बंद के समय 10 दलितों की हत्या हुई थी जिसमें ज्यादातर दबंग लोगों के द्वारा की गयी थी। हजारों निर्दोषों के खिलाफ मुकदमें दर्ज हुए।
5. दलितों के ऊपर अत्याचार बढ़ ही रहे हैं हाल ही में खबर मिली कि मेहसाना, गुजरात में दलितों ने जब तथकथित ठाकुर के जूते की शक्ल का जूता पहना तो दलित को बर्बरता से पीटा गया।
6. भीम आर्मी के नेता चंद्रशेखर को रिहा किया जाए।
7. अनुसूचित जाति/जन जाति के छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति में बढ़ोत्तरी की जाए।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ. उदित राज जी ने कहा कि अपने अधिकारों के लिए समाज को एकजुट होने की आवश्यकता है। ज्यादातर लोग राजनैतिक लोगों को दोषी ठहराते रहते हैं, खुद कुछ नहीं करना चाहते। उन्होंने कहा कि लोग कहते हैं कि उदित राज जी समाज की ताक़त लेकर संसद पहुंचे हैं और समाज के लिए कुछ नहीं करते तो यहां मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि किसी भी पार्टी के सांसद या विधायक से इस तरह की उम्मीद न करें क्योंकि आपने उन्हें सांसद या विधायक नहीं बनाया है, बल्कि वे पार्टियों की कृपा से बने हैं। जब दलित अधिकारों के लिए उनका चुनाव हुआ ही नहीं हैं, तो उनसे ऐसी उम्मीद भी नहीं करना चाहिए। एक बार सामान्य वर्ग के लोगों से चर्चा हो रही थी तो यह बात सामने आयी कि आप लोग जानबूझकर अपने समाज का सशक्तिकरण नहीं करना चाहते तो मैंने कहा कि जिस पार्टी से मैं हूं, इस हैसियत में नहीं हूं कि एक निगम पार्षद को टिकट दिला सकूं तो मैं अपने समाज का सशक्तिकरण कैसे कर सकता हूं। यदि दलित समाज के किसी व्यक्ति को प्रधानमंत्री भी बना दिया जाए तो यदि वह समझदार नहीं है तो दूसरे के चंगुल में फंसकर समाज का भला करने के बजाय नुकसान ही कर बैठेगा। पदोन्नति में आरक्षण उत्तर प्रदेश में उस समय खत्म हुआ जिस समय मायावती जी वहां की मुख्यमंत्री थी। अनुसूचित जाति/जन जाति अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989 को 30 प्र0 में लगभग समाप्त कर दिया गया था 2007 में मायावती जी के मुख्यमंत्रित्वकाल में। उस समय एक सर्कुलर जारी किया गया था कि यह अधिनियम सिर्फ हत्या और बलात्कार के मामले में ही लागू होगा, बाकी के किसी अपराध में लागू नहीं होगा। उस समय इस अधिनियम में 17 तरह के अपराध शामिल थे जबकि आज 22 तरह के अपराध शामिल हैं। इसके विरुद्ध एडवोकेट प्रदीप वर्मा ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में मेरी ओर से याचिका दायर की और इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यह केन्द्र सरकार का बनाया हुआ कानून है और राज्य सरकार इसमें किसी तरह का बदलाव नहीं कर सकती। तब जाकर यह अधिनियम बचा। उन्होंने कहा कि आज सरकारों से ज्यादा न्यायपालिका हमारे अधिकारों पर कुठाराघात कर रहीं हैं। इस कृत्य के खिलाफ आंदोलन खड़ा करने की जरूरत है। आए दिन ये आरक्षण विरोधी निर्णय देती रहती हैं। जब तक उच्च न्यायपालिका में आरक्षण नहीं होता हमारे अधिकार बचने वाले नहीं हैं। 2 अप्रैल की जो घटना हुई है उसके लिए न्यायपालिकाएं ही जिम्मेदार हैं। इस देश में जज बनने के लिए कोई मेरिट नहीं है, जबकि ये दूसरों की मेरिट चेक करते रहते हैं।

उन्होंने सोसल मीडिया की उपयोगिता पर जोर देते हुए कहा कि आज यह सबसे बड़ा हथियार आपके पास है। आप बिना किसी खर्च के विचारों का आदान-प्रदान तेजी से कर सकते हैं। इलेक्ट्रानिक चैनल और प्रिंट मीडिया यदि आपकी खबरों को तवज्जों नहीं देते तो आप सोसल मीडिया के माध्यम से घर बैठे किसी भी स्तर तक इसे फैला सकते हैं। उपस्थित सभी लोगों को ट्वीटर और फेसबुक की ट्रेनिंग दी गयी।

इसके अलावा सम्मेलन को विभिन्न प्रदेशों से आए प्रतिनिधियों, जैसे सत्य प्रकाश जरावता (हरियाणा), आर.के. कलसोत्रा (जम्मू व कश्मीर), सुशील कमल एवं नीरज चक (उ.प्र.), तरसेम सिंह घारु एवं रोहित सोनकर (पंजाब), बाबू सिंह एवं विजय राज (उत्तराखंड), विकासदीप (हि.प्र.) आदि के साथ सैकड़ों प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

डॉ. उदित राज जी के बाए से आर. एस. हंस, वाई के. आंनद एवं दाए से देवी सिंह राणा, सत्यानायारण, रविन्द्र सिंह एवं करण सिंह

सम्मेलन को सफल बनाने में दिल्ली प्रदेश की कोर कमेटी का विशेष योगदान रहा, जिसमें ओम प्रकाश सिंहमार, देवी सिंह राणा, सत्यनारायण, रवीन्द्र कटारिया, महेन्द्र सिंह केम, फकीर चंद कजानिया, मनोज कुमार, मांगेराम, सुधीर कुमार, प्रकाश महला, गजे सिंह, करनचंद, फकीरचंद, दयानंद, सत्य प्रकाश, जगदीश मलिक, आर.एस. हंस, रामनाथ, अशोक, अशोक अहलावत, सतबीर, घीसाराम, सुरेश कुमार सेन, खेमचंद सचिन कुमार, संजीव गौतम आदि प्रमुख थे।

सम्मेलन में उपस्थित विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों द्वारा निकट भविष्य में किए जाने वाले सभा व सम्मेलनों की घोषणा की गयी। जिन लोगों ने सभा कराने की घोषणा की उनमें प्रमुख हैं - उत्तर प्रदेश से मंजीत (कानपुर), जय प्रकाश (औरैया), प्रेमजीत (मेरठ), जिया लाल (फैजाबाद), राज कुमार (मुजफ्फर नगर), नरेश राज (हरदोई), राजकुमार गुड्डू (सीतापुर), बी.एस. दीपक (गाजियाबाद), कल्पेन्द्र भारती (मैनपुरी), सोमनाथ सरोज (इलाहाबाद), महाबीर (बिजनौर), रमेन्द्र चन्द्रा (बुलंदशहर), केदारनाथ (मुरादाबाद), राजकुमार (बरेली), अनिल (इटावा), हरियाणा से विश्वनाथ (फरीदाबाद), रामफल (पलवल), महासिंह भूरानियां एवं वजीर सिंह मेहरा (जींद), राजेन्द्र प्रसाद एवं रवि महेन्द्रा (रोहतक), नेता कंवर सिंह (नारनौल), सत्यवान भाटिया (सोनीपत), शशिकांत एवं बिजली सिंह (पानीपत), रामपाल (कुरुक्षेत्र), राजकुमार (कैथल), अर्जुन देव (हिसार), पंजाब से तरसेम सिंह (जलंधर), वी.के. बौद्ध (लुधियाना), गुरुप्रीत सिंह (पटियाला), जम्मू व कश्मीर से आर. के. कलसोत्रा (श्रीनगर), मो. अली ज़िन्हा (कारगिल), हि.प्र. से विजय (कांगड़ा), विकास दीप (शिमला), उत्तराखंड से बाबू सिंह (देहरादून), मोदीमल तेगवाल एवं मेहर सिंह (हरिद्वार), आर.के. भारती (उधम सिंह नगर), महावीर (डाक पत्थर), विक्रम सिंह (टिहरी गढ़वाल), बी.एस. टम्टा (पौड़ी गढ़वाल) आदि।

अंत में सभी के लिए भोजन की व्यवस्था थी, जिसके बाद सम्मेलन सम्पन्न हुआ।

2 अप्रैल, 2018 को दलित संगठनों द्वारा "भारत बंद आंदोलन" के शहीदों को श्रद्धांजलि

अंकुर जाटव (मेरठ,उत्तर प्रदेश) | विमल रजोरिया (डबरा, मध्य प्रदेश) | दशरथ जाटव (भिंड, मध्य प्रदेश) | आकाश जाटव (भिंड, मध्य प्रदेश) | प्रदीप गर्ग (भिंड, मध्य प्रदेश) | राकेश टमोटिया (ग्वालियर, मध्य प्रदेश) | दीपक जाटव (ग्वालियर, मध्य प्रदेश) | पवन (झाडोली, राजस्थान) | उमेश कुमार (मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश)

गुलामों से भी बदतर होने जा रही है दलितों की स्थिति!

एच.एल. दुसाद

क्या आज की तारीख में कोई यकीन करेगा कि 21वीं सदी में उन्नततर अवस्था में पहुंची सभ्यता के दौर में भारत के दलितों (अस्पृश्यों) की स्थिति प्राचीन रोम और अमेरिका के गुलामों से बदतर होने जा रही है! अवश्य ही कोई जल्दी यकीन नहीं करेगा। किन्तु जिन्हें दलितों की वर्तमान पीढ़ी और दास-प्रथा के गुलामों की स्थिति की सही जानकारी है, वे सहजता से इनकार नही सकते! बहरहाल जिन्हें दास-प्रथा के गुलामों के स्थिति की सही जानकारी नहीं, वे इस विषय में (गुलाम-प्रथा और अस्पृश्यता) पर डॉ. आंबेडकर के अध्ययन, जो बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर सम्पूर्ण वांग्मय, खंड -9 के पृष्ठ 26-38 तक लिपिबद्ध है, से लाभ उठा सकते हैं। (स्लेवरी इन रोमन एम्पायर) पुस्तक के जरिये प्राचीन रोम साम्राज्य के गुलामों की स्थिति की जानकारी देते हुए डॉ. आंबेडकर बताते हैं। निस्संदेह गुलाम भारी संख्या में होते थे, और ये प्रायः रोम में पाए जाते थे। इटली और अन्य प्रान्तों में दिखाने के लिए इनकी आवश्यकता घरों में कम थी। इनके गुलाम भारी संख्या में काम करने और इससे जुड़े उत्पादकता में लगाये जाते थे। वहां इन गुलामों के बीच आपसी सम्बन्ध ठेकेदारों और मजदूरों के बीच जैसा होता था, उनमें से एक मुखिया होता था, बाकी उसके अधीन काम करते थे। आमीर लोग कुछ तो दिखावे के लिए और कुछ साहित्यिक रूचि के कारण अपने-अपने घरों में ऐसे गुलाम रखते थे, जो साहित्य और कला में दक्ष होते थे। समाज को कुछ वर्गो द्वारा नर्तकों, गायकों, संगीतकारों, खेलकूद प्रशिक्षकों आदि की मांग हुई गुलामों में इस कोटि के लोग भी हुए।

आगस्ट के समय में वाणिज्य और उद्योगों का विस्तार हुआ। चूँकि व्यापारिक गतिविधियां और अधिक बड़े पैमाने पर होने लगीं और दलालों का महत्व और अधिक बढ़ गया तो भी ये दलाल वही होते थे जो गुलाम थे। मालिक किसी भी गुलाम को अपने बैंक या जहाज के उपयोग की इजाजत दे सकता था लेकिन शर्त यह होती थी कि वह इसके बदले निश्चित राशि या कमीशन देगा। गुलाम अपनी अतिरिक्त आय को अपने मालिक के कारोबार में या उससे भिन्न कसी दूसरे कारोबार में फिर से लगा देते। वह अपने मालिक के साथ व्यापारिक सम्बन्ध रखते और मालिक उन्हें बराबर का हिस्सेदार मान लेते या वे किसी के साथ करार करते। वह अपनी संपत्ति अथवा अपने कारोबार के इंतजाम के लिए मुख्तार भी रख लेते और इस प्रकार उनकी संपत्ति में केवल भूमि, भवन, दुकानें ही नहीं होती थीं, बल्कि अधिकार-पत्र और दावे भी होते थे। व्यापार में लगे गुलामों के अनगिनत कारोबार होते। उनमें से बहुत से दुकानदार होते जो खाने की तरह-तरह की सामग्री बेचते जैसे रोटी, मांस, नमक, मछली, शराब, सब्जियां, फल, शहद, दही, बत्तखें और ताजा मछलियां। कुछ गुलाम कपडे, चप्पलें, जूतें, गाउन आदि बेचते। रोम में सर्कस मामीमस या पोर्तिकस ट्रिगमिमस या इस्क्विलाइन माकिज्ट या द ग्रेट मार्ट या सुबर्रा नामक स्थानों पर इनकी दुकानें थीं।

आश्चर्यजनक तो यह है कि राज्य में इन गुलामों से बड़े-बड़े काम लिए जाते थे और यह कि इन्हें समाज में विशेष पद प्राप्त थे। किसी साम्राज्य के लिए ''राज्य का गुलाम'' शब्द का अर्थ होने लगा कि वह गुलाम राज्य में शासन के विभिन्न पदों में से किसी पद पर नियुक्त है, उसका एक निश्चित कर्तव्य है तथा समाज में प्रायः उसकी एक प्रतिष्ठा है। राज्य के गुलाम, नगर के गुलाम और सीजर के गुलाम से क्रमशः ऐसे कर्मचारियों का बोध होने लगा, जैसे कि आजकल सिविल सेवाओं के उच्च और समस्त अवर पद या नगर निगम में कार्यरत कार्मिक से होते है। (कोषागार के) अधीनस्थ अनेक लिपिक और वित्तीय अधिकारी काम करते थे। इनमें सभी मुक्त गुलाम होते थे। ये लोग जो व्यवसाय करते, उसका क्षेत्र बहुत व्यापक होता जैसे टकसाल।

